हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 28 जून 2025

06 नपा के 33 चिन्हित खतरों में 5 अमले और दो ...




09 सोहागपुर में खाद की उपलब्धता के लिए डबल...







## धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, भक्तों ने जगह-जगह किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखंड मंडलेश्वर धाम के भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ निकली। यात्रा में कभी रिमझिम फुहार हुई तो कभी धूप भी खिली। धूप की गर्मी और बारिश की बूंदें भी भगवान जगन्नाथ का उत्साह कम नहीं कर सकीं।

सुबह 10 बजे रथ यात्रा डोंगरवाड़ा से प्रारंभ हुई तो शाम को पांच बजे गुंडीचा भवन स्वयंवरम गार्डन पहुंची। इस बीच भक्त जमकर नाचे। रथ यात्रा में महिला पुरुष, बच्चे बुजुर्ग सब्जी शामिल रहे।

### फूलों की बारिश

रथ यात्रा का श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और उमंग से स्वागत किया और दलों ने भगवान की पूजन अर्चन की और रथ यात्रा में शामिल भक्तों के ऊपर पुष्प वर्षा की विभिन्न संस्थाओं और नगर वासियों ने जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



### सोने की झाड़ू लगाई

पहले भक्तों ने भगवान को रथ में विराजमान किया। इस दौरान ठाकुर राजा आशुतोष शर्मा ने सोने की झाड़ू लगाकर प्रभु का मार्ग साफ किया। इस अवसर पर मंदिर के अर्चक बाबाजी प्रसाद दास, समिति के अजय रथ, विश्वजीत राय उपस्थित थे। पूजन की विधि ओडिशा के आचार्य रश्मि रंजन ने सम्पन्न कराई।

### एकता की मिसाल

स्थानीय मुस्लिम समुदाय में ने भी भगवान की पूजन अर्चन कर भक्तों की अगवानी की और उन पर पुष्प वर्षा की साथ ही भंडारे का भी आयोजन कर सांप्रदायिक सुधार की विशाल प्रस्तुत की। सबसे प्रथम डोंगरवाड़ा में सरपंच माखन कीर ने पूजा करके रथ रवाना किया। भगवान की अगवानी और भक्तों का स्वागत करने वालों में गोविंद राय परिवार, डॉ विजय महंत, अनिल अग्रवाल, सात रास्ता काली कमेटी, मनीष परदेशी, सुंदरम अग्रवाल, सुनील थापक, नितिन सराठे, जय स्तंभ चौक पर शरीफ राइन सहित अन्य मुस्लिम समुदाय, खंडेलवाल परिवार, हलवाई चौक पर वैश्य समाज, मनीष गुप्ता, मिनर्वा टेलर्स, सराफा चौक पर काली कमेटी जुमेराती, गौशाला समिति, शर्मा परिवार के संतोष शर्मा सहित ठाकुर राजा की माताजी, कसेरा बाजार में कसेरा समुदाय के कैप्टन किशोर करैया, पंडित अखिलेश केशवरे, जगदंबा बर्तन, विधायक विजयपाल सिंह मित्रमंडल, सेठा परिवार, नूतन अग्रवाल, अग्रवाल महासभा, भारती अग्रवाल, अग्रवाल मिष्ठान भंडार, शर्मा फोटो, एनआर फैशन, सांसद दर्शन सिंह मित्रमंडल, संतन जो झोपड़ों के सामने सिंधी समुदाय और उनके पूज्य गुरुजी, माहराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर जीतू राठौर और करणी सेना, भाजपा महिला मोर्चा की अर्चना पुरोहित एवं उनके साथी, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, दिनेश शर्मा, हंस राय, राजस्थान मिष्ठान भंडार, नीरज फौजदार, सुनील चौहान परिवार, धनकामेश्वरी बैंक, स्क्रीन होम पारिवार सहित अनेक स्थानों पर भगवान का पुष्प मालाओं धूप आरती प्रसाद आदि से पूजन अर्चन किया गया समूची रथ यात्रा के दौरान भक्तों मेंअभूतपूर्व उत्साह देखा गया।

---

## खबर संक्षेप

### गत वर्ष हुई थी 708.7 मिमी वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 27 जून को प्रातः 8 बजे तक जिले में 999.9 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 708.7 मिमी वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 27 जून 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 2.6 मिमी, सिवनीमालवा में 11.0 मिमी, इटारसी में 4.8 मिमी, माखननगर में 12.0 मिमी, सोहागपुर में 15.0 मिमी, पिपरिया में 0.0 मिमी, बनखेड़ी में 0.0 मिमी, पचमढ़ी में 1.8 एवं तहसील डोलरिया में 19.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है।

### भाजयुमो की संभागीय मॉक पार्लियामेंट आज

**नर्मदापुरम।** भाजयुमो द्वारा आज सुबह 11 बजे से गृह विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में मॉक पार्लियामेंट का आयोजन करेगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा ने बताया कि आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संभाग स्तरीय मॉक पार्लियामेंट का आयोजन हो रहा है जिसमें युवा आपातकाल को लेकर संसद की भांति पक्ष और विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। मॉक पार्लियामेंट में बैतूल , हरदा , नर्मदापुरम के युवा प्रतिभागी होंगे।

अनुपालन में की जावें।

### रिक्त स्थानों के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग से पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष-2025 (पूर्वार्द्ध) हेतु 31 मार्च 2025 की स्थिति में रिक्त स्थानों के लिये निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। तत्संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम डॉ बबीता राठौर ने तहसीलदार एवं रिटर्निंग आफिसर सर्व (सोहागपुर को छोडकर) नर्मदापुरम को निर्देश दिए है कि जारी कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन की सूचना 1 जुलाई को जारी की जाना निर्देशित है, इसके साथ ही आरक्षण की सूचना एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन भी किया जाना है। निर्वाचन हेतु सभी कार्यावाही मप्र पंचायत निर्वाचन नियम एवं आयोग द्वारा समय-समय पर निर्देश जारी किए हैं।

---

### मध्यांचल वेयर हाऊस ऑनर एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रेसवार्ता में बताई अपनी पीड़ा

## समस्या का हल नहीं मिला तो वेयर हाउस संचालक नहीं करेंगे मूंग खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शुक्रवार को मध्यांचल वेयरहाउस ओनर एसोसिएशन द्वारा प्रेस वार्ता आायेजित की गई। जिसमें उन्होंने उपार्जन के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए अपनी परेशानियां बताई और कहा कि हमको मदद करों नहीं तो हम लोगों को आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बच रहा है। जिले में जिन निजी वेयरहरउस संचालकों व्दारा गोदाम बनाये गये है, उनमें शासन व्दारा उपार्जित अनाज का भंडारण तो किया जा रहा है। परंतु उनका भुगतान सालो साल नहीं होता है। जबकि वेयर हाउस सचालक अपने गोदाम को शासन व्दारा उपार्जित अनाज के भण्डारण हेतु एवं उचित रखरखाव के लिये किराये पर देने का अनुबन्ध करता है। जिसका शासन द्वारा भुगतान समय पर किया जाना चाहिए जो नहीं हो रहा है।

मध्यांचल वेयर हाऊस ऑनर एसोसिएशन ने शुक्रवार को उपार्जन में आ रही समस्याओं को लेकर प्रेस वार्ता की।



#### एफक्यू की जिम्मेदारी दी तो खरीदी का कमीशन और संपूर्ण जवाबदारी भी मिले : पाठक

वेयर हाऊस संचालक सुधीर पाठक ने बताया कि विभाग व्दारा अनुबंध में कुछ शर्तें बदल दी गई है और एफएक्यू के लिये गोदाम संचालकों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। जबकि अनाज का उपार्जन शासन द्वारा अधिकृत सर्वेयर एवं सहकारी समितियों के व्दारा ही किया जाता है। उनका कहना है कि यदि एफएक्यू की बगैर जबाबदारी वेयरहाउस संचालक को दी जाए और खरीदी का कमीशन भी वेयर हाऊस संचालक को ही मिले।

#### विभाग एवं राजनैतिक दवाब से आती हैं समस्याएं

वार्ता में वेयर हाऊस संचालकों द्वारा सामूहिक रूप से बताया गया कि सहकारी समिति सर्वेयर के द्वारा क्वालिटी जांची जाती है और डब्ल्यूएचआर हमारे द्वारा काटा जाता है। यदि हम उसे नहीं काटते हैं तो भुगतान नहीं होता है। खरीदी में बहुत सारे विभागों का हस्तक्षेप है जैसे कृषि, विपणन संघ, नागरिक आपूर्ति निगम, खाद्य विभाग और वेयर हाऊस कार्पोरेशन, राजस्व एवं एफसीआई इतने विभाग प्रमुखों के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रभावशाली किसानों का हमारे ऊपर दवाब होता है जिससे हम अपने आपको को अपंग महसूस करते हैं। इन्ही सब समस्याओं का समाधान नही होता है तो मध्यांचल वेयर हाऊस ऑनर एसोसिएशन ने निर्णय लेने के लिए मजबूर होगा कि हम इस वर्ष मूंग की खरीदी में शासन का सहयोग नहीं करेंगे। साथ ही उक्त समस्याओं को लेकर एसोसिएशन, शासन मंत्रियों एवं प्रशासन को ज्ञापन देंगे।

#### वेयर हाउस के रख रखाव की जिम्मेदारी हमारे पास पर चाबी कार्पोरेशन के पास : पालीवाल

वेयर हाऊस संचालक श्री पालीवाल ने बताया कि भंडारित माल की मात्रा एवं रखरखाव के लिए ही जिम्मेदार होना चाहिए। कंडिका 6.5 के तहत भंडारण की जिम्मेदारी वेयर संचालकों को ठहराया जा रहा है लेकिन उनके पास चाबी नहीं होती है। कार्पोरेशन के पास चाबी होती है वहीं समय-समय पर वेयर हाऊस खुलवाते है और चाबी वापस ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि मूंग का उपार्जन वर्षा ऋतु में होता है मूंग उठाते समय इसमें दो प्रतिशत की कमी आती है। वह सूकत भी अब सरकार द्वारा नहीं दी जा रही है।

---

## तवा नदी के किनारे एसटीआर के चौकीदार का शव मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एसटीआर की चूरना रेंज में पदस्थ एक चौकीदार का शव शुक्रवार सुबह तवा नदी किनारे पानी में मिला। शव अर्धनग्न हालत में था और सड़ चुका था। मृतक की पहचान हरि धुर्वे (58) निवासी नया चूरना के रूप में हुई। वह बीते 3-4 दिन से लापता था।

मृतक की खोजबीन 25 जून से चल रही थी, लेकिन इसकी गुमशुदगी की सूचना थाने में नहीं दी गई थी। हरि धुर्वे बढ़ चापड़ा कैंप में चौकीदार थे और पिछले कुछ दिनों से लापता थे। शुक्रवार सुबह 7:30 बजे उनका शव पुराने खामदा क्षेत्र में नदी किनारे मिला। मौके पर एसडीओ विनोद वर्मा, रेंजर आरपी पाठक और केसला थाना प्रभारी श्रीनाथ झरबड़े पहुंचे। शव करीब 3-4 दिन पुराना था और सड़ने लगा था। मृतक के शरीर पर सिर्फ अंडरवियर थी। पुलिस ने प्राथमिक तौर पर आशंका जताई है कि नहाते समय वह डूब गया होगा।

घटनास्थल बढ़ चापड़ा कैंप से करीब दो किलोमीटर दूर है। बोरी एसडीओ विनोद वर्मा के अनुसार मृतक के साथ हीरा नामक चौकीदार भी उसी कैंप में तैनात था, जो 20 जून को छुट्टी पर गांव गया था। 22 जून को हरि ने हीरा को कॉल कर कहा था कि मेरे घर से 500 रुपए लेते आना। 23 जून को डिप्टी रेंजर गश्त पर पहुंचे तो कैंप में ताला लगा मिला। माना गया कि चौकीदार गश्त पर होगा। एसटीआर डिप्टी डायरेक्टर ऋषभा नेताम ने बताया कि हमें जब चौकीदार तीन दिन से गायब है तो हमने टीम बनाई और सर्चिंग के दौरान उनका जूता आदि मिले। इसे आधार मानकर उन्हें आसपास के क्षेत्र में ढूंढा गया।

---

### मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के आयोजित किए गए क्विज में विजय प्रतिभागियों के लिए आकर्षक उपहार

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के बच्चों में प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगो, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित कराने तथा पर्यटन के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को विकसित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा वर्ष 2016, 2017, 2018, 2019, 2022, 2023 एवं 2024 में आयोजित की जाती रही है। विगत वर्ष 2024 में इस प्रतियोगिता में लगभग 21000 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई थी। इस वर्ष भी "मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज - 2025" का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के शासकीय, अशासकीय, सी.बी.एस.ई. एवं केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12वीं तक के अध्ययनरत छात्र-छात्राऐं भाग ले सकेगें। क्विज के प्रथम चरण में जिला स्तर के लिए पंजीयन 25 जून, 2025 से 18 जुलाई, 2025 तक किए जाएंगे। मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज - 2025 जिला स्तर पर 01 अगस्त, 2025 को आयोजित होगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला स्तर पर पर्यटन हेतु प्रमोशन/संबर्धन हेतु गठित परिषद जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी), जिला शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के क्विज मास्टर के सहयो समन्वय से होगा। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का पंजीयन विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन कराया जा सकेगा। प्रतियोगिता हेतु क्विज के दोनों चरण हेतु प्रश्न म.प्र. के पर्यटन एवं पर्यटन से संबंधित परिक्षेत्र, कला, संवर्धन, अध्यात्म, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक परिवेश से संबंधित होगें। जिला स्तर के प्रथम चरण में चयनित 06 टीमों के मध्य प्रतियोगिता का द्वितीय चरण आडियो विजुअल/मल्टीमिडिया पर आधारित होगा, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी विद्यालय को राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज में सहभागिता करेगा।

---

## नपा ने चलाया स्वच्छता अभियान की नालियों की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका नर्मदापुरम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका नर्मदा पुरम के स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश अनुसार विशेष अभियान के तहत शहर की विभिन्न कालोनियों की नालियों में जमी हुई गंदगी की विशेष साफ-सफाई की करवाई जा रही है। नगर पालिका की सफाई टीमों ने वार्डों में जाकर नियमित सफाई के साथ-साथ बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए नालियों की गहराई से सफाई कर पानी के निकास को सुचारू बनाया।

---

## नर्मदा अपना अस्पताल एवं आरोग्य भारती संस्था ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा अपना अस्पताल और आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त की नर्मदापुरम जिला इकाई द्वारा सिवनी मालवा के सब डिस्ट्रिक्टअस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 250 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। हड्डी व जोड़ रोग विभाग में डॉ राजेश शर्मा एवं डॉ अखिल चौहान महिला एवं प्रसूति रोग की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ सुष्मीत श्रीवास्तव, जनरल सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ डॉ ए एम अंसारी, मूत्र रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ शशांक सिंह, डॉ विश्वजीत जैसवाल, कैंसर रोग विभाग से



रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ विजय कुमार गुप्ता ने अनेक रोगों में आमजन को परामर्श दिया। शिविर के बारे में बताते हुए आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष और नर्मदा अपना अस्पताल समूह के मुखिया डॉ राजेश शर्मा ने कहा कि हम आरोग्य भारती के माध्यम से मध्यभारत प्रान्त सहित पूरे देश में 27 आयामो पर काम कर रहे है। इसी क्रम में नर्मदा अपना अस्पताल के सहयोग से इस निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन सिवनी मालवा में किया जा रहा है। स्वस्थ व्यक्ति से स्वस्थ परिवार , स्वस्थ परिवार से स्वस्थ ग्राम और स्वस्थ ग्राम से स्वस्थ राष्ट्र के विचार से आरोग्य भारती कार्य करती है।

---

## नपा के हाका दल ने 47 आवारा मवेशियों को नगर सीमा से बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर यातायात व्यवस्था सुगम बनाई जा रही है। अतिक्रमण दल द्वारा नगर की सड़कों पर व्यवसाय कर मार्ग अवरूद्ध करने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आवारा पशुओं को नगर सीमा से बाहर किया जा रहा है।

नगर पालिका हाका दल द्वारा सतरास्ता, रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड से 47 आवारा पशुओं को पशु वाहन में पकड़कर नगर सीमा सें छोड़ने की कार्यवाही की गई।

आवारा मवेशियों को पकड़ कर नगर सीमा से बाहर करने की कार्यवाही की जा रही है जो कि निरंतर चलती रहेगी। नपाध्यक्ष नने नगर के नागरिकों से आग्रह किया है वे किसी तरह से सड़क मार्ग अवरूद्ध न करें। नगर की यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए सभी लोग मिलकर सहयोग करें।

---

### जिले में जारी गंगा जल संवर्धन अभियान

## तालाब को मिला पुनर्जीवन, पानी लबालब होने के साथ सुनाई दे रहा पक्षियों का कलरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में प्राचीन बावड़ी, तालाब, खेत तालाब, कूप रिचार्ज आदि जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार कर जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान में लुफ्त प्राय एवं समाप्त हो चुकी पुरातन एवं नवीन जल संरचनाओं को श्रमदान कर एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनको पुनर्जीवत कर उन जल संरचनाओं को उपयोगी बनाया जा रहा है। उन्हें पुनः नवीन कर जीवन प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में माख न नगर के नसीराबाद रोड पर स्थित प्राचीन माखन नगर तालाब के पुनर्जीवन का



कार्य किया गया है। अमृत --2 योजना के तहत 43 लाख रुपए की राशि से निर्मित माखन नगर तालाब अब पानी से भरा रहता है यहां अव पक्षियों का शोर सुनाई देता है और तालाब के पुनर्जीवन से आसपास के क्षेत्र का जलस्तर भी बढ़ गया है। नगर पालिका अधिकारी माखन नगर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत माखन नगर तालाब में पिचिंग एवं पाथवे का निर्माण कार्य किया गया है। लाइटिंग भी लगाई गई है जिससे रात्रि में तालाब का अद्भुत दृश्य दिखाई पड़ता है। अब तालाब में लबालब पानी भरा हुआ है।

---

### ईव्हीएम, वीवीपेट वेयरहाउस का हुआ त्रैमासिक निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर नर्मदापुरम द्वारा जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला कलेक्ट्रेट तवा भवन परिसर में स्थापित ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का माह जून, के लिये त्रैमासिक निरीक्षण गत दिवस 26 जून 2025 को दोपहर 04:35 बजें किया गया, जिसमें जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की ओर से प्रशांत दीक्षित, प्रतिनिधि , राजेन्द्र मालवीय, जिला अध्यक्ष , धनीराम गौर , नोखेलाल राजोरिया , फैजान उलहक एवं रामबाबू बारवे उपस्थित हुये। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी सोजान सिंह रावत एवं उपस्थित जन प्रतिनिधियों के समक्ष वेयरहाउस के कक्षों के ताले खोलकर जनप्रतिनिधियों को कक्षों का निरीक्षण कराया गया।

---

## नागद्वारी मेले को लेकर हुई अधिकारियों बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पचमढ़ी के संजय गांधी संस्थान में नागद्वारी मेले की तैयारियों को लेकर पहली बैठक शुक्रवार को की गई। जिला सीईओ सुजान सिंह रावत की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। इसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया कि मेला 19 से 29 जुलाई तक चलेगा। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में स्थित नागद्वारी गुफा तक पहुंचने का रास्ता दुर्गम है। पीडब्ल्यूडी विभाग को कच्चे रास्तों और अस्थायी लोहे की सीढ़ियों की मरम्मत का जिम्मा सौंपा गया है।

पीएचई विभाग पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। कैंट और साडा विभाग मेला मार्ग पर सफाई व्यवस्था देखेंगे। यातायात विभाग अस्थाई पार्किंग, यातायात व्यवस्था और वाहनों की फिटनेस की जांच करेगा। महाराष्ट्र से आए सेवाभावी मंडलों ने लाइट व्यवस्था, रास्तों की मरम्मत और पेयजल की मांग रखी। प्रशासन ने इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।

## खबर संक्षेप

### साहू समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कल बैतूल आएंगे

**बैतूल।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा दिल्ली एवं युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल का रजत जयंती समारोह 29 जून दिन रविवार को सुबह 10:30 बजे से 3:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति प्रमुख गोपाल साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रहलाद साहू ने बताया कि इस समारोह मेंसंगठन का रजत जयंती समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। सुबह 10:30 दीपक प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर साहू समाज की होना हर प्रतिभाओं का सम्मान, सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान, सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों का सम्मान के अलावा सामाजिक बिंदुओं पर मंथन किया जाएगा। आयोजन समिति के कैलाश साहू ने बताया कि इस अवसर पर साहू समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा साहू समाज की अति गरीब और विधवा महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया जाएगा।

### पदोन्नति नीति के तहत जुलाई माह में अनिवार्य रूप से हो डीपीसी: कलेक्टर



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा निर्धारित पदोन्नति नीति के तहत समुचित तैयारियां की जाएं और आगामी जुलाई माह में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि डीपीसी की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय पद सूची का अद्यतन कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, साथ ही जिन कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय जांच प्रकरण लंबित हैं, उनका निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने यह भी कहा कि डीपीसी की कार्यवाही के लिए कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि (एसीआर) की जानकारी अद्यतन एवं उपलब्ध होनी चाहिए। सभी विभाग सुनिश्चित करें कि संबंधित कार्मिकों की एसीआर समय पर पूर्ण एवं प्रतिवेदित हो। उन्होंने हिदायत दी कि यदि डीपीसी की बैठक में कोई विभाग लापरवाही करता है या आवश्यक जानकारी अपूर्ण रहती है, तो उस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशों के बाद अब जिला स्तर पर डीपीसी की तैयारियों में तेजी लाई जा रही है, जिससे पात्र कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति मिल सके और शासकीय कार्यों में दक्षता बढ़े।

## हादसों का सबब न बन जाए जर्जर भवन, गिराने की हुई अधूरी कार्वाई

# नपा के 33 चिन्हित खतरों में 5 अमले और दो लोगों ने खुद कर दिए ध्वस्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में मानसून दस्तक दे चुका है। पिछले तीन-चार दिनों से लगातार बारिश भी हो रही है। ऐसे में जर्जर भवन और इमारतों से एक बार फिर खतरा मंडराने लगा है, क्योंकि यह जर्जर भवन घनी आबादी क्षेत्रों में हैं और अगर बारिश के कारण यह भवन या भवनों की दीवारे गिरी तो गंभीर हादसा हो सकता है। लेकिन ऐसे भवनों को डिस्मेंटल करने में प्रशासन द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। पिछले साल जिन जर्जर भवनों और इमारतों को डिस्मेंटल करने के निर्देश कलेक्टर ने जारी किए थे, वे आज भी खड़े हैं। बता दे कि नगरपालिका ने बैतूल शहरी क्षेत्र में पिछले साल कुल 33 जर्जर भवन चिन्हित किए थे। इनमें से करीब 5 भवनों को नपा ने डिसमेंटल कर दिया था, वहीं 2 लोगों ने स्वयं ही भवन गिरा दिये थे। शेष भवन अभी भी जर्जर हालत में मौजूद हैं। इस साल नपा द्वारा शहरी क्षेत्र में जर्जर भवनों को चिन्हित किए जाने के लिए सर्वे भी कराया जा रहा है। नपा के कर्मचारी वार्डों में भ्रमण कर जर्जर भवन चिन्हित कर रहे हैं।

बताया गया कि नपा द्वारा हर साल जर्जर भवनों को लेकर नोटिस जारी करती हैं, लेकिन भवन स्वामी द्वारा भवनों का डिसमेंटल नहीं किया जा रहा है जबकि जर्जर भवनों के गिरने से हमेशा हादसे का अंदेशा बना रहता है।

### कई भवनों की मियाद हो चुकी है खत्म

शहर के कई इलाकों में जर्जर भवन खड़े है। इन भवनों के निर्माण को 60 साल से अधिक का समय बीत चुका है। भवनों की दीवारें कमजोर हो चुकी है। इन जर्जर भवनों की हालत ऐसी है, जिसे देखकर ही डर लगता है। उनकी छत और बरामदे की ईंट टूटकर नीचे गिर रही हैं। दीवारें फट चुकी हैं। ऐसे भवन कभी भी धराशायी हो सकते हैं। बावजूद इसके बेफिक्र होकर निहित स्वार्थों में कुछ लोग इन्हें ही ठिकाना बनाए हुए है। किसी ने इन भवनों में अपना आशियाना बना रखा है तो कहीं दुकान संचालित हो रही है। कोई जर्जर हिस्से को ढक कर उसमें रह रहा है। लेकिन इसके बाद भी नगरपालिका केवल नोटिस ही जारी कर रही है, कार्यवाही नहीं हो रही है। कार्यवाही के अभाव में जर्जर भवन यथावत खड़े है और दूसरों के लिए भी हादसों का सबब बन सकते है।

### नपा ने जारी किए थे नोटिस, कार्यवाही नहीं

नगरपालिका ने जर्जर और जीर्णशीर्ण हो चुके भवनों का सर्वे किया था और नोटिस दिये थे। नोटिस जारी करने के बाद नगरपालिका द्वारा फीडबैक तक नहीं लिया कि नोटिस के अनुसार भवन खाली किया भी है या नहीं? और नगरपालिका खुद कार्रवाई करना भूल गई। खास बात यह है कि अधिकांश भवन ऐसे लोगों के नाम पर दर्ज है, जो इन मकानों में रहते नहीं है और घर में ताला लगाकर चले गये है। कुछ जर्जर मकान तो ऐसे लोगों के नाम पर है, जिनकी मृत्यु हो चुकी है और उनके परिजन भी मकान खाली करके चले गये है। ऐसे लोगों ने सालों से नपा का टैक्स भी जमा नहीं किया है। इन मकानों ने नपा ने नोटिस चस्पा कर अपने कार्य की इतिश्री कर ली।

### जर्जर घोषित कॉम्प्लेक्स में चल रही दुकानें

सदर क्षेत्र में नगरपालिका के दो मंजिला कॉम्प्लेक्स को प्रशासन द्वारा जर्जर घोषित किया जा चुका हैं, लेकिन इसके बाद भी कॉम्प्लेक्स में दुकानों का संचालन किया जा रहा है। ऊपरी मंजिल पूरी तरह से जर्जर होने पर किसी भी प्रकार की गतिविधियां संचालित नहीं हो रही है। नगरपालिका ने पिछले साल बारिश के पूर्व बिल्डिंग को खाली करने कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों को नोटिस जारी किए थे, लेकिन दुकानदारों ने आज तक दुकानें खाली नहीं की है। जिसके कारण इस बिल्डिंग को डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया कागजों में है। बताया गया कि बिल्डिंग की हालत काफी कमजोर हो चुकी हैं। इस क्षेत्र में सप्ताह में दो बार साप्ताहिक बाजार भी लगता है और काफी भीड़ रहती हैं। ऐसे में बिल्डिंग आमजन के लिए खतरा साबित हो सकती है।

### सर्वे चल रहा है

नगरपालिका ने 33 जर्जर भवनों को चिन्हित किया था। इसमें से 5 भवनों को विगत वर्ष ही डिसमेंटल कर दिया था, 2 भवनों को भवन मालिकों ने स्वयं गिरा दिये। कुछ भवनों को लेकर न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। जिसके कारण इन भवनों को डिसमेंटल नहीं किया जा सका है। कुछ भवनों में ताले लगे होने से नोटिस दरवाजे पर चस्पा किये है। अभी भी जर्जर भवनों का सर्वे चल रहा है।

**- नीरज धुर्वे**, एई, नगरपालिका बैतूल

## पुलिस ने किया गिरफ्तार

# पत्नी ने की पति की हत्या घरेलू विवाद बना वजह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

शाहपुर थाना अंतर्गत ग्राम जामुनढाना में एक घरेलू विवाद ने भयावह रूप ले लिया, जब एक पत्नी ने गुस्से में आकर अपने ही पति की जान ले ली। रोटी पलटने की कलछरी से किए गए हमले में पति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर करीब एक बजे की है। ग्राम जामुनढाना निवासी खुशमा मर्सकोले (45) का अपने पति मनवारी मर्सकोले (46) से किसी पारिवारिक मामले को लेकर विवाद हो गया था। देखते ही देखते मामूली बहस इतनी बढ़ गई कि खुशमा ने रसोई में रखी कलछरी उठाकर सीधे पति के सीने पर वार कर दिया। खून से लथपथ मनवारी वहीं गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। हत्या में प्रयुक्त कलछरी को पुलिस ने जब्त कर लिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि हत्या का कारण पारिवारिक विवाद है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# चिचोली पोषण केंद्र केयर टेकर को ट्रक ने कुचला, मौत



**बैतूल।** शुक्रवार सुबह ट्रक की चपेट में आने से पोषण केंद्र की केयरटेकर की मौत हो गई। वहीं बेटा छिटककर दूर जा गिरा, जिससे उसकी जान बच गई। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार रजनी गंगारे (35) घटना के समय स्कूटी से अपने 10 साल के बेटे के साथ जोगली से चिचोली स्थित एनआरसी कार्यालय जा रही थीं। तभी स्पीड ब्रेकर आने पर उन्होंने अपनी स्कूटी धीरे की। इसी दौरान पीछे से आ रहे सीमेंट से भरे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी स्कूटी बेकाबू हो गिर गई। इसके बाद उनके ऊपर से ट्रक निकल गया और रजनी की मौके पर ही मौत हो गई और बेटा छिटककर दूर जा गिरा। बता दें कि रजनी साल 2010 से पोषण केंद्र में कार्यरत थीं। उनके पति चिचोली में स्टेशनरी की दुकान चलाते हैं। टीआई हरिओम पटेल के अनुसार, रजनी ने स्पीड ब्रेकर पर ब्रेक लगाया। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश कर रही है।

## नशा निवारण दिवस पर...

# ब्रह्माकुमारी ने किया हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम आयोजित




**सारणी।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी सारणी सेवाकेंद्र एवं जिला सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में नशामुक्त शपथ हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत ब्रह्माकुमारी से जुड़े हुए सारणी क्षेत्र के सदस्यों ने स्वयं व्यसन मुक्त रहते हुए अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र को नशामुक्त बनाने, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने की शपथ ली तथा जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए शपथ पत्र पर अपने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सारनी सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज विगत कई वर्षों से व्यसन मुक्ति के क्षेत्र में अपनी एक सक्रिय भूमिका निभाते आ रहा है। ब्रह्माकुमारीज के द्वारा कई नशा मुक्ति अभियान, रेलिया, नुक्कड़ नाटक तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जन जागृति का कार्य किया जाता रहा है। 2023 में भारत सरकार और संस्थान के बीच एक सहमति पत्र हस्ताक्षरित किया गया जिसके अंतर्गत समस्त भारत में यह जन जागृति अभियान ब्रह्माकुमारीज के द्वारा किया गया। इसी के अंतर्गत विश्व नशा निवारण दिवस के उपलक्ष में जिला प्रशासन के साथ मिलकर हमने यह कार्यक्रम आयोजित किया।

### चोरी की पल्सर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की पल्सर बाइक के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरियादी गौरव पिता मुरलीश्याम नागले (25 वर्ष) निवासी भीमनगर बडोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी पल्सर मोटरसाइकिल (एमपी 48 जेडई 3385) को ग्राम जाखली स्थित सुनिल कुमरे के खेत से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध धारा 305-बी भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल के आसपास पूछताछ एवं शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक बिना नंबर प्लेट वाली पल्सर मोटर साइकिल चला रहे हैं तथा उसे बेचने की फिराक में हैं।

## कलेक्टर ने की स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

# समन्वित प्रयासों से स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का प्रभावी व सफल क्रियान्वयन किया जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में ब्लॉकवार शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर की जानकारी ली और इनमें कमी लाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं का आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से निरंतर फॉलोअप किया जाए। चिन्हित हाई रिस्क महिलाओं का सुरक्षित प्रसव किया जाना सुनिश्चित कराएं। जन सामान्य का विश्वास अर्जित कर स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएं। लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि एकीकृत प्रयासों से शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी और सफलतापूर्वक क्रियान्वन किया जाएं। सभी बीएमओ और सीडीपीओ अपने क्षेत्र में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विशेष कार्य योजना बनाएं और उसका प्रभावी क्रियान्वयन कराएं। बीएमओ द्वारा बीपीएम, सीएचओ और एएनएम की हर तीन दिन के अंतराल में मॉनिटरिंग की जाए और अपेक्षित परिणामों को हासिल करें। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देशित किया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा भी हर 3 दिन में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर की समीक्षा की जाएं। इसी प्रकार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास भी परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिए गए लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की समीक्षा करें। स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में असंतोषजनक कार्य और उदासीनता बरतने पर कलेक्टर ने मुलताई और प्रभात पट्टन के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को कारण बताओं नोटिस जारी कर सभी वेतन वृद्धियां निरस्त कर मूल वेतन पर लाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में भी असंतोषजनक कार्य पर भीमपुर बीएमओ को कारण बताओं नोटिस जाने करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

### योजनाओं के बारे में बताया

कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्रों के संचालन और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की ब्लॉकवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बेड ऑक्यूपेंसी में घोड़ाडोंगरी और भैंसदेही सीडीपीओ को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस प्रकार कलेक्टर ने अन्य स्वास्थ्य सबंधी योजनाएं भी बताई।

## पवित्र नगरी ताप्ती के तट पर गायत्री मंदिर में कथा वाचक बोले-

# भगवान भक्तों के साथ जात-पात का भेदभाव नहीं करते



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

पवित्र नगरी ताप्ती तट पर गायत्री मंदिर में हो रही ताप्ती महिमा कथा के दूसरे दिन कथावाचक वैष्णवाचार्य डॉ विश्वामित्र शरण गोवर्धन मथुरा ने अपने प्रवचन में भगवान जगन्नाथ से जुड़ी अनेक कथाओं का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान अपने भक्त की ना तो जाती देखते हैं, ना कुल देखते हैं, ना धन देखते हैं, ना पद देखते हैं और ना ही रूप देखते हैं, भगवान तो अपने भक्तों के केवल हृदय के भाव देखते हैं। उन्होंने संत रविदास और करणी माता की कथा का वर्णन करते हुए भगवान और भक्ति के बीच के संबंध के माध्यम से जात-पात के भेदभाव को दूर कर आपस में प्रेम भाव बढ़ाने का संदेश दिया। मां ताप्ती को सूर्यपुत्र कहा जाता है जिससे चलते आज वैष्णवाचार्य डॉ विश्वामित्र शरण ने अपने प्रवचन में भगवान सूर्य की उत्पत्ति ,भगवान सूर्य के माता-पिता के संबंध में विस्तार से बताया। ताप्ती तट पर विगत 30 वर्षों से निरंतर हो रही ताप्ती महिमा कथा का आयोजन मां ताप्ती महिमा कथा आयोजन समिति द्वारा किया जाता है। गायत्री परिवार सहित अनेक धार्मिक संगठन इसकी व्यवस्था संभालते हैं। ताप्ती महिमा कथा से जुड़े श्रद्धालुओं को वर्ष भर कथा का इंतजार रहता है और कथा प्रारंभ होते ही दूर-दूर से लोग ताप्ती कथा सुनने ताप्ती तट पहुंचाते हैं।

### जनदर्शन देने निकले भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा

मुलताई जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर ताप्ती तट पर स्थित जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। जगदीश मंदिर के समक्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु एक जुट हुए जहां महाआरती का आयोजन किया गया था आरती के उपरांत भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को रथ में विराजमान किया गया। बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सियों को खींचकर आगे बढाते रहे। जगदीश मंदिर से निकलकर भगवान जगन्नाथ का रथ गांधी चौक, यादव प्रेस मार्ग से होता हुआ जगदीश मंदिर पहुंचा जहां इस यात्रा का समापन किया गया। मार्ग मे जगह-जगह भगवान जगन्नाथ एवं रथ यात्रियों में का स्वागत किया गया। जगह-जगह प्रसादी वितरण कर भगवान जगन्नाथ के रथ पर पुष्प वर्षा की गई ।




### ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास का प्लास्टिक मुक्त अभियान

मां ताप्ती जन्मोत्सव सप्ताह के दूसरे दिन सूर्यपुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्यों ने नगर में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाकर सैकड़ो घरों में प्लास्टिक की बोतल वितरण की जिसमें प्रत्येक घर के लोगों को कहां गया है कि वह प्लास्टिक की बोतल को ऊपर से काटकर इसमें घर में आने वाली प्रत्येक पानी को अच्छे से भरकर उन्हें लौटा दे ताकि ताप्ती क्षेत्र न्यास के सदस्य उस प्लास्टिक का उचित प्रबंध कर सके और इस प्रकार नगर प्लास्टिक मुक्त हो सके । तट की सफाई कर सफाई कर्मियों का सम्मान कर लोगों से प्लास्टिक कचरे को खुले में न फेंकने का आग्रह किया।

## नशा निवारण दिवस पर निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**शाहपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शाहपुर में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग बैतूल के मार्गदर्शन में, नवोदित ग्रामोत्थान महिला एवं बाल विकास समिति एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सीएमसी एलडीपी के अंतर्गत संचालित बी एस डब्ल्यू/एम एस डब्ल्यू की कक्षा में 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें,निबंध, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता के साथ हस्ताक्षर अभियान और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह कार्यवाह आकाश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में नशा नाश की जड़ होता है। समाज को इस से मुक्त होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में अपना परिवेश नशा मुक्त बनाने के प्रयास हेतु सभी को शपथ दिलाई गई। इसमें प्राचार्य पंकज शरण,विकास खंड समन्वयक संतोष राजपूत, दयाराम विश्वकर्मा शिक्षक एकलव्य विद्यालय, समस्त मेंटर्स, विद्यार्थी गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।




बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दिनांक 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दिनांक 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछड़ा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क- श्रीमती दीपा पंवार 9302846996
संचालक : इंजि. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल 9300974327
प्राचार्य : डॉ. जी. डी. देशमुख 9826231552
संचालक: इंजि. सर्वेश अग्रवाल 9111788845

**खबर संक्षेप**

## मुस्लिम त्योहार कमेटी के रेहान नवाब अध्यक्ष व अमान बने उपाध्यक्ष



**सीहोर।** बुधवार, 25 जून को दुल्हाबादशाह दरगाह पर बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मिश्रा सवारी वाले, नारायण सिंह धाड़ी ताजिया वाले, रिजवान पठान, नौशाद खान, अंसार पठान, शरीफ भाई, नईम नवाब ने की। उपस्थितजनों ने सर्वसमहमति से रेहान नवाब को मुस्लिम त्यौहार कमेटी, सीहोर का अध्यक्ष एवं अमान खान को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। रेहान नवाब ने सभी वरिष्ठजनों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका मैं पुरी ईमानदारी व मेहनत के साथ पालन करूंगा और सभी त्यौहारों को भव्यता एवं आपसी भाईचारें के साथ मनाया जावेगा। इनकी इस नियुक्ति पर अरसल खान, इरशाद भाई, अजीज चाचा, अपूर्व अग्रवाल, आसिफ खान, जुनेद खाँ, अमान खान, अस्फाक, शेकु शेख, सऊद कुरैशी, फिरोज अली, शाद खान आदि ने बधाई दी है।

## छात्रवृत्ति का लाभ लेने विद्यार्थियों को ओटीआर कराना अनिवार्य

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 02 लाख 50 हजार से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है।

### पिपरिया, सोहागपुर में समस्या निदान के लिए सौंपे गए ज्ञापन

# सोहागपुर में खाद की उपलब्धता के लिए डबल लॉक उपकेंद्र खोलने की मांग

किसानों को खाद के लिए हो रही किल्लत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने शासन से व्यवस्था बनाने के लिए ज्ञापन सौंपे। इस दौरान किसानों को जनप्रतिनिधियों से समर्थन भी मिला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक में किसानों को खाद की उपलब्धता के लिए डबल लॉक खोलने की मांग की गई है। इस मामले में पूर्व जपं उपाध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी के नेतृत्व में दर्जनों किसानों एवं कांग्रेस नेताओं ने गत दिवस मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है।

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सोहागपुर में पूर्व में डबल लॉक व्यवस्था शुरू की गई थी, जो वर्तमान में बंद कर दी गई है। जिससे किसानों को खाद लेने में बहुत अधिक परेशानी हो रही है। ज्ञापन में आगे उल्लेख है कि आठ दिन में यदि सोहागपुर में डबल लॉक उपकेंद्र नहीं खोला जाता है तथा डीएपी व यूरिया उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो किसान आंदोलन कर सकते हैं। डबल लॉक खोलने के पीछे कुछ उद्देश्य भी ज्ञापन में उल्लेखित किए गए हैं, जिनके अनुसार खरीफ फसलों धान व सोयाबीन आदि के लिए डबल लॉक खोले जाने से खाद की समय पर उपलब्धता हो सकेगी। इसके अलावा ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शासन के पास वर्तमान में सिंचाई विभाग के दो बड़े भवन उपलब्ध हैं।



ग्राम करनपुर में भी सहकारी समिति का एक भवन है जहां पर्याप्त मात्रा में खाद रखा जा सकता है एवं खाद वितरण प्रणाली सुचारू रूप से संचालित हो सकती है। साथ ही उल्लेख है कि आदिवासी क्षेत्र में गोटीखेड़ा एवं कामती में भी दो भवन रिक्त हैं। वहां पर भी खाद भंडारण की व्यवस्था की जा सकती है। इससे यह लाभ होगा कि आदिवासी क्षेत्र में खाद वितरण आसानी से हो सकेगा।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान राजकुमार रघुवंशी सहित अरुण तिवारी, हरगोविंद पुर्विया, अखिलेश दीवान, मंगल सिंह रघुवंशी, अभिलाष चंदेल, आलोक जायसवाल, चुन्नीलाल मुद्गल, राधेश्याम पटेल, दादूवीर, कैलाश, आनंद केवट, भवानी कुशवाहा, मदन रघुवंशी, विष्णु रघुवंशी, राजू, नवाब पटेल, विक्रम रघुवंशी, जलज शर्मा, भास्कर मांझी एवं दर्जनों किसान तथा कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

### पिपरिया में भी सौंपा गया ज्ञापन



**पिपरिया।** किसान को वर्तमान में धान की फसल के लिए डीएपी एवं यूरिया खाद की विशेष आवश्यकता पड़ रही है इस बात को लेकर मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा एवं शासन के द्वारा पिपरिया विधानसभा में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है जिसके कारण किसान सुबह 4 बजे से लाइन में लगते हैं और शाम 6:00 बजे तक भी उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या को लेकर किसान मजदूर संघ किसान नेता पंसतपाल पलिया से मिले उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया तो पंसतपाल पलिया के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव से किसानों के हित में चर्चा की गई तथा उन्हें एक लिखित पत्र सोपा गया है जिसमें पिपरिया विधानसभा में 12000 टन डीएपी एवं इतना ही यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की है। लेकिन शासन के द्वारा अभी तक मात्र 3000 टन ही खाद उपलब्ध कराया है इस बात को लेकर उन्होंने अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया उन्होंने पत्र में चार बिंदुओं पर किसान हित में विचार करने की बात अनुविभागी अधिकारी को कही है उन्होंने कहा है कि पिपरिया विधानसभा में खाद्य वितरण के लिए एक और राज्य वितरण संघ की स्थापना की जावे क्योंकि पिपरिया में सुहागपुर बनखेड़ी पिपरिया एवं अन्य छिंदवाड़ा जिले तक के किस यहां पर खाद लेने के लिए आते हैं इसलिए यहां पर एक और डबल लाक की आवश्यकता है। किसानों के लिए एक बार दस्तावेज जमा करने के बाद उन्हें दस्तावेजों पर सारी सामग्री उपलब्ध कराई जावे बार-बार दस्तावेज की मांग ना की जावे तथा पर्याप्त मात्रा में स्टॉल खोले जावे तथा समय के अनुसार उन्हें सामग्री वितरण की जावे क्योंकि मुख्य मार्ग पर सैकड़ो की तादात में ट्रैक्टर खड़े रहते हैं जिसके कारण आने जाने वाली जनता को भी परेशानी होती है इस बात पर भी शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने पत्र लिखा है। इस बारे में अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि किसान नेता सतपाल पलिया का पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें उन्होंने कुछ बिंदु लिखकर दिए हैं जिन पर शीघ्र विचार कर शासन को अवगत कराया जाएगा किस को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जावेगी।

## निर्माणाधीन स्टॉप डैम के दूसरी ओर जमा पानी में हो सकती हैं दुर्घटनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद द्वारा पलकमती नदी सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपए लागत से कुछ निर्माण किये गए हैं। मानसून के चलते अभी कार्य बंद हैं, लेकिन जन सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोई भी विशेष कार्य नगर परिषद अथवा ठेकेदार द्वारा नहीं किए गए हैं।

शुक्रवार को स्थानीय मीडिया ने कुछ नागरिकों की सूचना पर पलकमती नदी में बंद पड़े कार्य का अवलोकन किया। तो पाया कि स्टाप डैम का आधा स्ट्रक्चर बन चुका है और मानसून बारिश के चलते फिलहाल में कार्य बंद है। लेकिन नदी के आसपास घनी आबादी वाला क्षेत्र भी है और यहां नदी तल में गहरी खुदाई के चलते संभावित रूप से घटना हो सकती है। अतः आवश्यक नज़ आता है कि नदी के दोनों ओर उस क्षेत्र में बैरिकेडिंग जैसी व्यवस्था की जाती जहां स्टाप डैम के ऊपर की ओर काफी मात्रा में पानी भरा हुआ है। नागरिकों ने बताया कि फिलहाल में लगभग चार से पांच फीट पानी पलकमती नदी में भरा हुआ है। जिससे लगकर अंबेडकर वार्ड, सुभाष वार्ड, रामप्रसाद वार्ड तथा गौतम वार्ड के आबादी क्षेत्र हैं।

लोग यहां से आते जाते हैं तथा आते जाते लोगों के साथ कम लेकिन कुछ हद तक गहरे पानी के कारण दुर्घटना हो सकती है। अतः आवश्यक है कि स्टाप डैम के ऊपरी सिरे में नदी के दोनों ओर जन आवाजाही की रोक के कदम उठाए जाने थे। लेकिन इस ओर ना तो नगर परिषद ने ध्यान दिया है, ना ही ठेकेदार ने। फिर भी जनता ने अपेक्षा की है कि तीव्र बारिश के पूर्व स्थिति सुधार के कार्य जरूर किए जाएं।

## नयामाना गांव में लगाया गया शिविर



**माखन नगर।** 30 जून तक प्रधानमंत्री जनजातीय उत्कृष्ट ग्राम अभियान धरती आबा अभियान का अनुसूचित जनजाति बहुल्य ग्राम पंचायतो में कलेक्टर वा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत चयनित ग्राम नया माना में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया एवं उनका समाधान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष सावित्री परनामे, सरपंच लक्ष्मी यादव उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग से रमन गोस्वामी, सुनील जोठे, एडीईओ सृष्टि गोस्वामी, दीपसिंह राजपूत, आनन्द शर्म, सचिव विजय मेहरा, सहायक सचिव रूपेश साहू, कृष्णकुमार सराठे आदि मौजूद रहे।

## नशा परिवार और समाज से दूर करता है इससे दूरी जरूरी है : अंजली अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

नशा समाज और परिवार के लिए हानिकारक होता है। यह नशा करने वाले को परिवार और समाज से दूर कर देता है। इससे दूर रहना चाहिए। उक्त बात न्यायाधीश अंजली अग्रवाल ने ग्राम पंचायत भवन भीलटदेव में विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में कही। न्यायाधीश अंजली अग्रवाल ने कहा कि हर तरह से नशा इंसान को बर्वाद कर देता है। यह परिवार और समाज में उसकी मान प्रतिष्ठा को समाप्त कर देता है। इससे दूरी बनाना ही आवश्यक है। इससे छुटकारा पाने के लिए अनेको उपाय है। जिन्हे अपनाकर व्यक्ति इससे छुटकारा पा सकता है। परिवार और समाज को मजबूत बनाने के लिए नशा मुक्ति के प्रयासो को अधिक से अधिक प्रचारित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि न्यायालय में किसी व्यक्ति के पास अधिवक्ता नही है तो उसे अपनी पैरवी करने के लिए विधिक सहायता से अधिवक्ता निःशुल्क प्रदान किया जाता है। उन्होंने नालसा योजना 2015 की विस्तृत जानकारी ग्रामवासियो को दी। उन्होंने बताया कि कानून में सभी को समान अधिकार प्रदान किये गये है। कानून की जानकारी प्रदान किये जाने के लिए समय समय पर विधिक जागरूकता शिविरो का आयोजन किया जाता है। जिसमे उपस्थित होकर नागरिक कानून की जानकारी प्राप्त कर सकते है। शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच मुकेश जाट, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, न्यायालय कर्मी योगेश चौधरी, अनिल राजवैध एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




### खिलाड़ियों ने लिया नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प

**पिपरिया।** जनपद पंचायत में सभी विद्यालयों में नशा मुक्त भारत के अंतर्गत खेल मैदान में खेल का नियमित अभ्यास करने वाले खिलाड़ी जनों ने नशा मुक्त भारत संकल्प लिया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संदीपनी विद्यालय में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।200से अधिक खिलाड़ी ने हिस्सा लिया था। अतिथि भी आर सी प्रदीप शर्मा प्राचार्य अरविंद रघुवंशी ने परिचय प्राप्त किया।

## सोहागपुर में एसबीआई मुख्य ब्रांच के दोनों एटीएम हुए बंद, घंटों परेशान हुए उपभोक्ता


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



शहर में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य ब्रांच के समीप लगे एटीएम कई बार बंद रहते हैं। जिसके कारण उपभोक्ताओं को बहुत अधिक परेशानी होती है। शुक्रवार सुबह भी यही स्थिति बनी जिससे उपभोक्ता परेशान हुए। शहरी उपभोक्ताओं सौरभ सोनी, जगदीश प्रसाद रघुवंशी, जगदीश पटेल, अमित कुमार आदि ने बताया कि जब शुक्रवार सुबह वे भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय मुख्य शाखा के एटीएम पहुंचे तो दोनों मशीनें बंद थी।

मौके पर उपस्थित गार्ड ने बताया कि एक मशीन में कैश फंसा है, जिसके कारण वह बंद हो गई है। दूसरी मशीन क्यों खराब है, इस सवाल का जवाब व जानकारी गार्ड भी नहीं दे पाया। वहीं उपभोक्ता ने कहा कि प्रायः वीकेंड पर नगर की एसबीआई मेन शाखा के एटीएम बंद होने की समस्या बनती रहती है। उपभोक्ताओं ने बैंक प्रबंधन से मांग कि की है कि एटीएम सदैव ही दुरुस्त रखे जाएें।

## सतपुड़ा के पहाड़ों में बादलों की जुगलबंदी बना रही सुंदर दृश्य



सोहागपुर। बरसात के मौसम में सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला के ऊपर मंडराते बादल प्रकृति के अति सुंदर दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं। सतपुड़ा के पहाड़ों एवं बादलों की यह जुगलबंदी उन पर्यटकों को भी मोहित कर रही है, जिन्हें रिजर्व में कोई वन्यजीव नहीं दिखाई देता है। तो भी पर्यटक निराश न होकर इन सुंदर दृश्यों को अपने कैमरों में कैद कर रहे हैं। बरसात के मौसम ने सतपुड़ा पर्वत क्षेत्र को बहुत सुंदर स्वरूप दे रखा है।

## सिंगनामा के शिक्षक यादव का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी




25 जून को उच्च शिक्षा विभाग एवं अध्यापक शिक्षा परिषद फाउंडेशन चैप्टर मध्य प्रदेश एवं शिक्षक संदर्भ समूह भोपाल द्वारा गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज जबलपुर के सृजन जन प्रेक्षा ग्रह में डॉ. गुलाब चौरसिया जयंती समारोह एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा, कुलगुरु रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर पंजाब राव चंदेलकर, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश, डॉक्टर के. एम. भंडारकर, राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉक्टर निवेदिता, आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश रहे, इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में नर्मदापुरम जिले से ओम प्रकाश विश्वकर्मा द्वारा जिले प्रतिनिधित्व किया गया एवं ₹वर्तमान परिवेश में पुस्तकर के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए गए, ओमप्रकाश विश्वकर्मा को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया ओमप्रकाश विश्वकर्मा नर्मदापुरम के पचमढ़ी नगर के निवासी हैं एवं आदिवासी ग्राम सिंगानामा में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं पूर्व में उन्हें कई सम्मानों से सम्मानित किया गया है।

## सर्पमित्र राहुल ने किया डेढ़ माह में 100 सर्पों व गोहटों का रेस्क्यू, जंगल में सुरक्षित छोड़े गए

### सभी जीव आबादी क्षेत्र से पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



गत डेढ़ माह में तापमान की ऊंच नीच के चलते सर्प तथा गोहटा जहरीले जीवों के निकलने की घटनाएं बढ़ी हैं। गत दिनों की बारिश के बाद उमस बढ़ने के चलते सर्प व गोहटे बड़ी संख्या में आबादी क्षेत्र में पहुंचे हैं। जिनका सफल रेस्क्यू राहुल कुशवाहा ने किया है।

हरिभूमि से चर्चा में राहुल कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने पिछले डेढ़ महीने में लगभग 100 से जहरीले व सामान्य प्रजातियों के सर्प व गोहटे पकड़े हैं। राहुल ने बताया कि उन्होंने इन सर्पों व गोहटों को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ा है। राहुल के अनुसार पिछले एक माह में उन्होंने लगभग 60 से अधिक सर्प एवं 30 से अधिक गोहटे आबादी क्षेत्र से पकड़े हैं। इन जीवों के रेस्क्यू उपरांत राहुल ने इन्हें कामती ग्राम के समीप के जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ा है।

### अधिकारियों ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

# मूंग खरीदी में मिली गड़बड़ी, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

मध्य प्रदेश एवं केंद्र सरकार के सामूहिक सहयोग से मूंग खरीदी समर्थन मूल्य के लिए पंजीयन का कार्य लगातार जारी है लगभग 5 जुलाई से समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी वेयरहाउस में सेवा सहकारी समिति के माध्यम से प्रारंभ हो जावेगी ऐसी संभावना जताई जा रही है। वर्तमान में जिन वेयरहाउस में पूर्व की मूंग खरीदी रखी हुई है उसे मूंग को फिर से खरीदी में नई मूग में शामिल किया जा सकता है। इसलिए जिला कलेक्टर के निर्देश अनुसार अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव के द्वारा ग्राम पंचायत समनापुर की डोकरी खेड़ा ग्राम में स्थित अमृत प्रभा वेयरहाउस का निरीक्षण अधिकारियों के द्वारा किया गया। जिसमें तहसीलदार सहित खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी मनोज शुक्ला भी शामिल रहे। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि अमृत प्रभा



वेयरहाउस में भीगी बोरियों में मूंग संग्रहित पाई गई है साथी 103 बोरी ऑनलाइन बोरियों की संख्या में अधिक मिली है। इसी तरह से इंद्रेश वेयरहाउस सांडिया में भी जांच की गई जिसमें वर्ष 2024 25 में संग्रहित मूंग की गुणवत्ता एवं वास्तविक स्टॉक के अनुसार मिली लेकिन लोकेश वेयरहाउस में वर्ष 2324 की मूंग वास्तविक बोरियों की संख्या में 499 बोरी अधिक संग्रहित पाई गई है।

इस तरह से वेयरहाउस में भी जांच की जा रही है इस दौरान वेयरहाउसों की संचालक भी उपस्थित रहे वेयरहाउस प्रबंधक के पास एक चाबी रहती है एक चाबी वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के प्रबंधन के पास रहती है यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो दोनों की जवाबदारी होती है अब देखना है कि इतनी गड़बड़ी के पास वेयरहाउस संचालक पर क्या कार्रवाई होती है। इस विषय में अनुविभागीय अधिकारी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि कमियां पाई गई हैं उसे बात को लेकर पंचनामा तैयार कर प्रस्ताव जिला कलेक्टर के समक्ष भेजा जा रहा है।

## आज राज्य शिक्षक संघ ब्लॉकों में सीएम के नाम सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

मप्र राज्य शिक्षक संघ मात्र शिक्षक संवर्ग के लिए ई अटेंडेंस लागू करने का विरोध कर रहा है। विरोध स्वरूप संघ की ओर से आज मध्य प्रदेश के सभी ब्लॉक्स में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप जाएंगे। राज्य शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव ने प्रेसनोट से सूचित किया है कि यह व्यवस्था लागू करना सरकार का हक है।

लेकिन इसे सभी विभागों में लागू करना चाहिए। संघ ने मप्र सरकार को चेताया कि गुरु परंपरा को खंडित करने वाली इस योजना में प्रदेश का शिक्षक संवर्ग तब तक शामिल नहीं होगा, जब तक यह मात्र उनके लिए है। राज्य शिक्षक संघ नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष उमेश ठाकुर ने बताया कि मप्र में कक्षा 10 व 12 के परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों के बेहतर प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री ने प्रशंसा की थी। लेकिन अब मात्र शिक्षकों पर ई अटेंडेंस योजना लागू करना शिक्षकों की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह है।

संघ ने चेताया कि सरकार को गुरु के सम्मान को खंडित करने वाले किसी भी कदम को उठाने से बचना चाहिए। उमेश ठाकुर ने बताया कि शिक्षक संवर्ग को ई अटेंडेंस में सहभागिता से आपत्ति नहीं है। लेकिन यदि यह योजना केवल शिक्षक संवर्ग के लिए लागू होगी, तो शिक्षक इसमें सहभागी नहीं होंगे। तथा आज 28 जून को प्रदेश भर में राज्य शिक्षक संघ समस्त विकासखंड स्तर पर ई अटेंडेंस योजना को प्रदेश के समस्त विभागों में एक साथ लागू करने की मांग के ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपेगा।

## विधायक निधि से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन

**इटारसी।** नगर के वार्ड क्रमांक 22 में विधायक निधि से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का भूमिपूजन गुरुवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगरपालिका की पार्षद सभापति जल श्रीमती गीता पटेल, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, भाजपा महामंत्री शैलेन्द्र दुबे, मनीष सोलंकी, विनय चाचा, पंकज दिवान, आनंद मोहन दुबे, श्याम दुबे, निशा दुबे, प्रीति पांडे, डब्लू यादव, निक्की सराठे, मनमोहन कुमार आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति इटारसी**
**जिला- नर्मदापुरम म.प्र.**

क्रमांक/मण्डी/60 तौ कां/15/25/401-402 इटारसी दिनांक 24.6.2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

प्रमुख अभियंता म. प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत के आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक **2025_ MPSAM_432826_1** एवं स्वयं के व्यय पर बिल्ट आपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी) के तहत संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक **2025_MPSAM_432825_1** के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदाये दिनांक 18.7.2025 को शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म. प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **https://mpmandiboard.in** पर अवलोकनीय होगी।

नोटः- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी ।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति इटारसी

## खबर संक्षेप



### पुल पर पानी, नदी पार कर रहे राहगीर

**हरदा/बालागांव।** जिले में लगातार हो रही बारिश से वन क्षेत्र में तेज बारिश के कारण नदी नाले उफान पर हैं। वही जिसमें मटकुल नदी ,अजनाल नदी उफान पर रही ग्राम बालागांव में हरदा मगरधा मार्ग पर नदी उफान पर रही। काफी जिसके कारण मार्ग काफी समय बंद रहा। दूसरी और हरदा से सोडलपुर एवं रन्हाई पहुँच मार्ग पर स्थित अजनाल नदी सुबह से ही उफान पर रही। जिसके चलते हरदा से आवागमन पूर्णतः बंद रहा। इस दौरान कई लोगों द्वारा लापरवाही बरतकर पुल पर पानी होने के बाद भी नदी पार की गई। इस दौरान देखा कि एक पिता अपने दो छोटे बच्चो के साथ नदी पार की। एक माँ अपनी छोटी बच्ची के साथ नदी पार करते दिखे। आशंका है कि इससे कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 93.1 मि.मी. औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 93.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 76.2 मि.मी., टिमरनी में 122.6 मि.मी., खिरकिया में 132.6 मि.मी., सिराली में 83.2 मि.मी. तथा रहटगांव में 51 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 186.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 170.7 मि.मी., टिमरनी में 231.2 मि.मी., खिरकिया में 259.2 मि.मी., सिराली में 173.6 तथा रहटगांव में 98.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 27 जून तक 96.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### संभागायुक्त ने एसडीएम व तहसील कार्यालय देखा

**हरदा।** नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने शुक्रवार को हरदा के एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होने विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों का परीक्षण किया और आवश्यक सुधार के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। इस दौरान उप आयुक्त गणेश जायसवाल, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं एसडीएम कुमार शानु देवड़िया भी मौजूद थे। कमिश्नर तिवारी ने तहसील कार्यालय में निरीक्षण के दौरान ई-ऑफिस प्रणाली की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने तहसीलदार हरदा को ई-ऑफिस प्रणाली में सभी कर्मचारियों की मेपिंग करने के निर्देश दिये। साथ ही तहसीलदार को कार्यालय में कार्य विभाजन हेतु आदेश जारी करने के निर्देश भी दिये। उन्होने तहसील कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों को साफ-सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश भी दिये।निरीक्षण के दौरान कमिश्नर तिवारी ने केशबुक, भण्डार पंजी, देयक पंजी, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं का परीक्षण किया। उन्होने कार्यालय अधीक्षक को निर्देश दिये कि सभी पंजियों को अपडेट रखा जाए। स्थापना शाखा के लिपिक को निर्देश दिये कि सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं में समय-समय पर आवश्यक प्रविष्टि कर अपडेट करते रहें। उन्होने तहसील कार्यालय में अव्यवस्थित रिकार्ड पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा 7 दिवस में रिकार्ड को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होने कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमैट्रिक मशीन अथवा सार्थक एप से लगाने के निर्देश भी दिये।

### मोतियाबिंद के 27 मरीजों को इंदौर भेजा गया

**खंडवा।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंगोट में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि शिविर में कुल 45 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 27 मरीजों को मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए चयनित किया गया। सर्जरी के लिए चयनित सभी मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन हेतु चोइथराम नेत्रालय इंदौर भेजा गया है। मरीजों को आने-जाने, रहने और भोजन की सभी सुविधाएं भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई हैं।

भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ में विराजमान थे

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकली, भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बाजार वार्ड स्थित जगदीश मंदिर से शुक्रवार सुबह भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विराजमान थे। रथयात्रा सुबह 10 बजे मंदिर से शुरू हुई। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इस दौरान जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, नपाध्यक्ष भारती कमेडिया और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। वृंदावन से आए कलाकारों ने भगवान की लीलाओं का सजीव चित्रण नृत्य के माध्यम से किया। महिला श्रद्धालुओं ने भजनों की धुन पर नृत्य किया। भक्तों ने रथ के आगे झाड़ू लगाकर मार्ग साफ किया।वही कलाकर जयकिशन चांडक ओर साथियों ने भगवान के रथ का आकर्षक श्रंगार किया।






### *भगवान जगन्नाथ की महाआरती की गई और 56 व्यंजनों का भोग लगाया*

*मंदिर की सदस्य प्रीति शर्मा ने बताया कि रात की बारिश के बाद यात्रा की चिंता थी। लेकिन सुबह से मौसम साफ रहा और यात्रा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। रथयात्रा के बाद दोपहर 12 बजे मंदिर में भगवान जगन्नाथ की महाआरती की गई और 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया। जगदीश मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि रथयात्रा एक ऐसा पर्व है जिसमें भगवान जगन्नाथ जनता के बीच आकर उनके सुख-दुख में सहभागी होते हैं। उनका कहना है - 'सब मनिसा मोर परजा' यानी सब मनुष्य मेरी प्रजा हैं।*

### आईटीआई में बेटियों के लिए आरक्षित 526 सीटें

खंडवा। जिले की बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। आठवीं या दसवीं पास बालिकाएं जिले के भगवानपुरा, खंडवा, मूंदी, नर्मदानगर, पंधाना और खेड़ी स्थित आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन और चॉइस फिलिंग कर सकती हैं। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत जिले की कुल 1504 सीटों में से 526 सीटें बालिकाओं और महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। प्रशिक्षण के बाद प्लेसमेंट के अवसर भी उपलब्ध कराए जाते हैं। इच्छुक महिलाएं अपनी रुचि के अनुसार इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल, स्टेनोग्राफर हिन्दी, ड्राफ्टसमेन सिविल, ड्राफ्टसमेन मैकेनिकल। जिले की सभी बालिकाएं और महिलाएं इस अवसर का लाभ उठाएं, आत्मनिर्भर बनें।

रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लाईमेंट कान्क्लेव के तहत कार्यक्रम संपन्न

# 660 हितग्राहियों को 742.8 लाख रुपए के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में रतलाम जिले में रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एण्ड एम्प्लाईमेंट (राइज) कान्क्लेव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत हरदा के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला उद्योग विभाग, उद्यानिकी, ग्रामीण आजीविका मिशन व आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों ने विभाग में संचालित स्वरोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर रतलाम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जिला पंचायत सदस्य लीलाधर बांके, महाप्रबन्धक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सचिन रोमड़े सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शाह ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे प्रदेश में हर वर्ग के लिए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं संचालित है। इन योजनाओं से प्रदेश का हर वर्गयोजना का लाभ ले सकता हैं। उन्होने कहा कि आज हमारी मातृशक्ति स्व-सहायता समूह जुड़कर आगे बढ़ रही है और हमारे जिले को गौरवान्वित कर रही है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश शासन की अनेक रोजगारोन्मुखी योजनाएं संचालित है। सभी उन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपना व्यवसाय प्रारम्भ कर सकते हैं।

### इन योजना में ऋण स्वीकृति पत्र दिए

कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत 660 हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से 742.8 लाख रूपये का ऋण स्वीकृति पत्र का वितरित किये गये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 24 हितग्राहियों को 153.3 करोड़ रूपये, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 3 हितग्राहियों को 1.79 लाख रूपये, पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 366 हितग्राहियों को 327.78 लाख रूपये, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत 5 हितग्राहियों को 71.26 लाख रूपये, संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत 1 हितग्राही को 12.67 लाख रूपये तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 261 हितग्राहियों को 176 लाख रूपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किये गये।

कलेक्टर के निर्देश

# अधिकारी राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों बैठक में निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के नामांतरण, सीमांकन, नक्शा तरमीम, बंटवारा व बटांकन संबंधी प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण करें तथा किये गये निराकरण को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज भी करें और इसके साथ ही राजस्व अभिलेखों को अपडेट भी किया जाए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, रजनी वर्मा व संजीव नागू, एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़यिा, एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले, एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया सहित अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर शजैन ने बैठक में कहा कि सभी एसडीएम अपने-अपने स्तर से अधीनस्थ अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों के निराकरण की समीक्षा करें। उन्होने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी ई-ऑफिस प्रणाली पर कार्य करें। कलेक्टर जैन ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिये कि पीएम किसान योजना के हितग्राहियों में से जिनकी ई-केवायसी की कार्यवाही अपूर्ण है, उसे पूरा करें। कलेक्टर जैन ने अधिकारियों को राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश भी दिये। उन्होने निर्देश दिये कि वर्षा के दौरान पुल पुलियों पर कोई दुर्घटना न हो इसका भी विशेष ध्यान रखें।

कलेक्टर ने बैंकों को दो माह में लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए

# महिला स्वसहायता समूहों के बैंक खाते खोलें



**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी बैंकों को निर्देश दिए हैं कि महिला स्व सहायता समूहों के बैंक खाते प्राथमिकता से खोले जाएं और उन्हें समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि महिलाएं छोटा-मोटा व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकें। वे शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नागार्जुन बी. गौडा, रिजर्व बैंक, नाबार्ड और जिले के अग्रणी बैंक प्रबंधक उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए मार्च का इंतजार न किया जाए, बल्कि आगामी दो माह में निर्धारित लक्ष्य पूरे किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वरोजगार के लिए प्राप्त आवेदनों में यदि कोई कमी हो तो पहले उसकी पूर्ति करवाई जाए, फिर आवेदन लिया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गरीब आवेदकों को बार-बार बैंक के चक्कर न लगवाएं और किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। प्रत्येक आवेदन को एक माह के भीतर या तो स्वीकृत किया जाए या कारण बताते हुए निरस्त किया जाए।

### ऋण वसूली की प्रगति पर असंतोष जताया

कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बैंक अपनी बैठकों में प्रतिनिधियों को न भेजें, बल्कि जिला स्तरीय नोडल अधिकारी स्वयं बैठक में उपस्थित रहें। उन्होंने बैंकों की ऋण वसूली की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा, लेकिन बैंकों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। बैठक में बताया गया कि ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अब तक 243 महिला स्वसहायता समूहों के ऋण प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 223 समूहों को 7.62 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री उद्यम क्रांति योजना और उद्यानिकी विभाग की पीएम एफएमई योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस बस स्टैंड का पुनर्निर्माण होगा

## 9.78 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार की, तकनीकी मंजूरी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शहर में 40 साल पहले बना नेताजी सुभाष चंद्र बोस बस स्टैंड अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। नगर पालिका ने इसके पुर्ननिर्माण की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए 9.78 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार की गई है। तकनीकी मंजूरी मिल चुकी है, अब प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

नई बिल्डिंग में तीन तल, हर फ्लोर पर दुकानें सीएमओ कमलेश पाटीदार ने बताया कि नई बस स्टैंड बिल्डिंग तीन मंजिला होगी। इसमें करीब 126 दुकानें बनाई जाएंगी। ग्राउंड फ्लोर पर 26 दुकानें, मेजेनाइन पर 27, फर्स्ट फ्लोर पर 61 और सेकंड फ्लोर पर 1500 से 3000 वर्ग फीट की 6 दुकानें व ऑफिस स्पेस रहेंगे। पुराने दुकानदारों को मिलेगा प्राथमिकता में स्थान ग्राउंड फ्लोर की 26 दुकानों में से 20 दुकानें वर्तमान दुकानदारों को निर्माण लागत पर दी जाएंगी। बाकी दुकानों के लिए ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए शहर के प्रमुख चौराहों जैसे नई सब्जी मंडी, बस स्टैंड, बायपास रोड और बाजार क्षेत्र में जानकारी देने वाले फ्लेक्स लगाए गए हैं।




### सुविधाजनक व व्यवस्थित होगा

सीएमओ पाटीदार के मुताबिक, नया बस स्टैंड यात्रियों के लिए सुविधाजनक और व्यवस्थित होगा। शेड्यूल, वेटिंग एरिया, टिकट काउंटर और अन्य सुविधाएं नए ढंग से विकसित की जाएंगी। प्रशासकीय मंजूरी के बाद लगेगा टेंडर नगर पालिका को तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी है। अब प्रशासकीय स्वीकृति के लिए नगरीय प्रशासन आयुक्त के पास प्रस्ताव भेजा गया है। कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया है, जिसका जवाब भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

घर में पैर फिसल गया

# नेता प्रतिपक्ष मुल्लू कांच से टकराने से घायल, उनके हाथ में लगे 15 टांके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर शुक्रवार सुबह घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उनके हाथ में गंभीर चोट के चलते 15 टांके लगाए। चोट लगने की सूचना मिलते ही सीएसपी अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। राठौर ने पुलिस को बताया कि वह सुबह जल्दी घर से निकलने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक पैर फिसल गया और वह घर की कांच की खिड़की से टकरा गए। इस हादसे में उनके हाथ और सिर में गंभीर चोटें आईं। सर्जरी के बाद अस्पताल में भर्ती राठौर ने बताया कि वार्ड की समस्याओं को लेकर किसी व्यक्ति का कॉल आ रहा था, इसलिए वह जल्दबाजी में घर से निकल रहे थे। एसपी मनोज कुमार राय के निर्देश पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। सर्वोदय कॉलोनी स्थित घर पहुंची, तो वहां ताला लगा मिला। बाद में जब घर की जांच की गई तो मौके पर कांच के टुकड़े और खून के निशान पाए गए। हालांकि राठौर ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उनका किसी से कोई विवाद नहीं है और चोट पूरी तरह एक दुर्घटना के कारण हुई है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। साथ ही खंडवा की महापौर अमृता यादव ने हॉस्पिटल पहुंचकर मुल्लू राठौर का हालचाल जाने ।

न्यास ने अगले वर्ष से पत्रकारों का सम्मान करने की घोषणा की

# नारायण-नारायण जपते भ्रमण करने वाले सृष्टि के आद्य पत्रकार थे नारद, देवता-मनुष्य व राक्षसों के बीच से लाते थे खबरें: गोविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

तीनों लोकों में वीणा वादन करते, नारायण-नारायण जपते जपते भ्रमण करने वाले देवऋषि नारद इस सृष्टि के पहले पत्रकार थे। वे देवताओं, मनुष्यों और राक्षसों के बीच सहजता व निर्भिकता जाकर सूचनाओं का आदान- प्रदान करते थे। वर्तमान समय में भी पत्रकार बंधु निर्भिकता का परिचय देते हुए खबरों का संकलन और प्रकाशन करते हैं। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह गोविंद राजपूत ने कही। वे गुरुवार को परमात्मा प्रसाद वाजपेयी, न्यास द्वारा आयोजित पत्रकार मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा नारद जी की सूचनाओं के प्रसार के पीछे कल्याण भाव रहता था। उसी अनुरूप पत्रकारिता के पीछे का उद्देश्य जन कल्याण , सामाजिक न्याय व मानवाधिकारों की वकालत करना है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि नर्मदापुरम विभाग के संघ के विभाग प्रचार प्रमुख संतोष नौरिया ने कहा, प्रचार विभाग का उद्देश है कि संघ का विचार प्रत्येक नगर, गाँव में घर घर तक पहुंचे। पत्रकार बंधु भी समाज में सामाजिक सरोकार के विषयों तक जन जन तक पहुँचाते हैं। एक तरह से वे भी हमारे बड़े सहयोगी हैं।



### चुनौतियों और बाध्यता के बीच एक पत्रकार काम करता है

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के टिमरनी निवासी वरिष्ठ पत्रकार गुरुदेव बिल्लौरे ने की। उन्होंने कहा परमात्मा प्रसाद वाजपेयी, न्यास द्वारा नारद जयंती के अवसर पर पत्रकारों का सम्मान किया जाए। समाज में किन चुनौतियों और बाध्यता के बीच एक पत्रकार काम करता है,उसे ठीक से वही जान सकता है। जिसने कभी पत्रकारिता को जिया है। कार्यक्रम में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, यू ट्यूब चैनल व सोशल मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघ के जिला प्रचार प्रमुख डॉ. विवेक भुस्कुटे ने किया। उन्होंने कहा, न्यास अगले वर्ष से जिले के वरिष्ठ पत्रकारों व पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित भी करेगा। डॉ. भुस्कुटे ने अतिथियों का परिचय कराया और आभार माना।